रविवार
5 अप्रैल, 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

वर्ष 2, अंक 61 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार

www.apnanalanda.com

जानकी शिशु महाविहार
शिशु स्तर से पंचम स्तर तक
विशेषताएँ :-
• सी. सी. टी. वी. कैमरा की व्यवस्था
• स्मार्ट क्लास
• सभी रूट पर वाहन की व्यवस्था
• कंप्यूटर क्लास

## पछुआ हवा के बीच अगलगी से बचाव को लेकर डीएम की समीक्षा बैठक, लोगों को जारी की गई सावधानी की सलाह



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिले में गर्मी के मौसम के साथ पछुआ हवा चलने के कारण आग लगने की घटनाओं की संभावना को देखते हुए शनिवार को जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन विभाग के तत्वावधान में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला, अनुमंडल तथा प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों के साथ अगलगी की घटनाओं से बचाव और उससे निपटने की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

समीक्षा बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने कहा कि गर्मी के मौसम में तेज पछुआ हवा के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में आग लगने की घटनाएं अधिक होती हैं, जिससे घर, खेत, खलिहान और जान-माल को भारी नुकसान पहुंचता है। ऐसे में सभी संबंधित पदाधिकारी आपदा से निपटने के लिए आवश्यक संसाधनों और व्यवस्थाओं को सुदृढ़ रखें। उन्होंने निर्देश दिया कि संभावित आपदा से निपटने के लिए समय-समय पर मॉक ड्रिल और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, ताकि लोगों को आग से बचाव के उपायों की जानकारी मिल सके।

बैठक में बताया गया कि गर्मी के मौसम की शुरुआत के साथ ही अगलगी की घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। जिला प्रशासन ने आम लोगों को आग से बचाव के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं।

प्रशासन ने सलाह दी है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोग दिन का भोजन सुबह नौ बजे से पहले तथा रात का भोजन शाम छह बजे तक बना लें। कटनी के बाद खेतों में बचे डंठलों में आग नहीं लगाएं और हवन या पूजा से संबंधित कार्य भी सुबह के समय ही पूरा करें। भोजन बनाने के बाद चूल्हे की आग को पूरी तरह बुझा देना चाहिए। यदि रसोई घर फूस का है तो उसकी दीवारों पर मिट्टी का लेप कर देना चाहिए और छत ऊंची रखनी चाहिए। आग से बचाव के लिए घरों में बालू या मिट्टी से भरे बोरे तथा पानी की बाल्टी अवश्य रखनी चाहिए। दीपक, लालटेन और मोमबत्ती को ऐसी जगह नहीं रखना चाहिए जहां से गिरकर आग लगने की संभावना हो।

बिजली से होने वाली आग की घटनाओं से बचने के लिए बिजली की वायरिंग की समय-समय पर जांच और मरम्मत करानी चाहिए। मवेशियों को सुरक्षित रखने के लिए मवेशी घर के पास पर्याप्त पानी का इंतजाम रखना जरूरी है। साथ ही घरों में लगाए गए टेंट या कनात के नीचे से बिजली के तार नहीं ले जाने की सलाह दी गई है।

प्रशासन ने यह भी कहा कि जलती हुई माचिस की तीली, बीड़ी या सिगरेट इधर-उधर नहीं फेंकनी चाहिए। जहां सामूहिक भोजन का आयोजन हो, वहां दो से तीन ड्रम पानी जरूर रखा जाए और तेज हवा के समय भोजन बनाने से बचा जाए। खाना बनाते समय ढीले या पॉलिस्टर के कपड़े नहीं पहनने चाहिए, बल्कि सूती कपड़ों का उपयोग करना चाहिए।

आग लगने की स्थिति में तुरंत सामुदायिक सहयोग से आग बुझाने का प्रयास करने और अग्निशमन सेवा को सूचना देने की अपील की गई है। इसके लिए अग्निशमन सेवा के आपात नंबर 101 और 112 पर तुरंत सूचना दी जा सकती है। इसके अलावा बिहारशरीफ, हिलसा और राजगीर अग्निशमन केंद्रों के नंबर तथा जिला आपातकालीन संचालन केंद्र के संपर्क नंबर भी जारी किए गए हैं।

जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि आग लगने की किसी भी घटना की सूचना तुरंत प्रशासन को दें और सुरक्षित स्थान पर चले जाएं, ताकि किसी प्रकार की जान-माल की क्षति से बचा जा सके।

## नालंदा में घरेलू गैस सिलिंडर की कोई कमी नहीं, रोजाना 9218 सिलिंडर की आपूर्ति : डीएम

संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलिंडर की उपलब्धता को लेकर जिला प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है और उपभोक्ताओं को नियमित रूप से आपूर्ति की जा रही है। शनिवार को जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि तेल विपणन कंपनियों के जिला नोडल पदाधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में एलपीजी घरेलू गैस सिलिंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है तथा खपत के अनुरूप निर्बाध आपूर्ति जारी है।

उन्होंने बताया कि जिले में तीनों कंपनियों की कुल 54 गैस एजेंसियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को बुकिंग के आधार पर प्रतिदिन लगभग 9218 घरेलू एलपीजी सिलिंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विभागीय नियमों के अनुसार शहरी क्षेत्रों में 25 दिनों के बाद तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के बाद रिफिलिंग के लिए आवेदन किया जा सकता है।

जिला पदाधिकारी ने यह भी जानकारी दी कि नालंदा जिले के बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र, राजगीर और सिलाव में पीएनजी पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है। अब तक जिले में लगभग1200 पीएनजी कनेक्शन लगाए जा चुके हैं। जिन क्षेत्रों में पीएनजी पाइपलाइन उपलब्ध है, वहां के उपभोक्ताओं से पीएनजी कनेक्शन लेने का अनुरोध किया गया है, ताकि लोगों को बड़े शहरों जैसी सुविधा मिल सके और एलपीजी पर निर्भरता कम हो।

उन्होंने बताया कि जल्द ही जिले में विशेष शिविर लगाकर भी पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएंगे। एलपीजी सिलिंडर से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष भी संचालित किया जा रहा है। उपभोक्ता टोलफ्री नंबर 06112-233168 पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।जिला पदाधिकारी ने आम लोगों से अपील की है कि यदि कहीं गैस सिलिंडर की जमाखोरी, कालाबाजारी या घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग होता दिखे तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें। दोषी पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति या संस्थान के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## थरथरी में बीईओ के फरार रहने से पुस्तक वितरण व्यवस्था चरमराई




थरथरी (अपना नालंदा)। थरथरी प्रखंड में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के फरार रहने से शिक्षा विभाग का कार्य प्रभावित होता नजर आ रहा है। इसका असर प्रखंड संसाधन केंद्र थरथरी में चल रहे पाठ्यपुस्तक वितरण कार्य में भी देखने को मिला, जहां अव्यवस्था के कारण शिक्षकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार पाठ्यपुस्तक वितरण के लिए बनाए गए केंद्र पर विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और शिक्षक पुस्तक लेने पहुंचे थे। लेकिन वहां उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण खासकर महिला प्रधानाध्यापिकाओं और शिक्षिकाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। अधिकांश प्रधानाध्यापक टोटो और टेम्पो जैसे भाड़े के वाहनों से पुस्तक लेने पहुंचे थे, जिससे उन्हें अतिरिक्त खर्च भी उठाना पड़ा।बताया गया कि दो दिन पहले भी विद्यालय संधारण पंजी के वितरण के लिए सभी प्रधानाध्यापक प्रखंड संसाधन केंद्र पहुंचे थे। बार-बार प्रखंड मुख्यालय आना-जाना पड़ने से शिक्षकों को अनावश्यक परेशानी झेलनी पड़ रही है। वहीं वर्ग चार की पुस्तकों का वितरण दूसरे दिन मध्य विद्यालय भतहर में किया जाना है, जो प्रखंड संसाधन केंद्र से लगभग चार किलोमीटर दूर स्थित है। इससे शिक्षकों की परेशानी और बढ़ गई है।

पुस्तक वितरण के कार्य में शिक्षा सेवकों को लगाया गया था, लेकिन वे सक्रिय भूमिका में नजर नहीं आए। हालांकि कुछ शिक्षा सेवक समय पर कार्य में लगे हुए भी दिखाई दिए।

प्रधानाध्यापकों का कहना है कि यदि पाठ्यपुस्तकों को सीधे विद्यालयों तक पहुंचा दिया जाता, तो इस प्रकार की असुविधा से बचा जा सकता था और शिक्षकों को अनावश्यक परेशानी नहीं उठानी पड़ती।


SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
RERA APPROVED
Project Registration Number
BRERAP19200101102525043 2E00
from ₹4251 TO ₹4551/*sq.ft
60% Free Area
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
COMFORT, LUXURY WELLNESS
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# पटना हाई कोर्ट के न्यायाधीश राजीव राय ने हिलसा व्यवहार न्यायालय का किया निरीक्षण




हिलसा (अपना नालंदा)। शनिवार को पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सह नालंदा जिले के इंस्पेक्टिंग जज राजीव राय हिलसा व्यवहार न्यायालय के निरीक्षण के लिए पहुंचे। उनके आगमन पर न्यायालय परिसर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान न्यायालय परिसर में प्रशासनिक अधिकारियों और न्यायिक पदाधिकारियों की मौजूदगी से विशेष हलचल देखी गई।निरीक्षण के दौरान न्यायमूर्ति राजीव राय ने न्यायालय परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव, न्यायिक व्यवस्था और लंबित मामलों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने न्यायालय कक्षों का निरीक्षण करते हुए मामलों के त्वरित निष्पादन पर विशेष जोर दिया और निर्देश दिया कि लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द निपटाया जाए, ताकि आम लोगों को समय पर न्याय मिल सके।इस अवसर पर नालंदा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुरविंदर सिंह मल्होत्रा भी मौजूद रहे। साथ ही हिलसा व्यवहार न्यायालय के न्यायाधीशों के अलावा अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल, एएसपी शैलजा, हिलसा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी रविशंकर कुमार और हिलसा थाना अध्यक्ष अभिजीत कुमार सहित कई प्रशासनिक अधिकारी और न्यायालय कर्मी उपस्थित थे।

निरीक्षण के क्रम में न्यायमूर्ति राजीव राय ने न्यायाधीशों और कर्मचारियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि न्यायालय की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाना बेहद जरूरी है, ताकि आम जनता को शीघ्र और निष्पक्ष न्याय मिल सके।

न्यायमूर्ति के इस दौरे को न्यायिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पूरे निरीक्षण के दौरान न्यायालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही और अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय देखने को मिला।










Kalope HOMES

All-in-One Home Solution

# Luxury Interior with RealPlast UPVC

Waterproof | Termite Proof | Fire Retardant | Zero Maintenance

**Material Partner:** REAL PLAST

RealPlast UPVC is a next-generation interior material that combines strength, safety, and luxury design.




## Modular Kitchen

✓ Cabinets, shutters, drawers



## TV Unit & Wall Panels

✓ Modern design, storage



## Wardrobes & Closets

✓ Sliding, swing, loft, drawers



## Bathroom Vanities

✓ Waterproof & hygienic

+91 74887 06578 www.kalopehomes.com Patna, Bihar

# संत पंकज जी ने सत्संग में बताया सच्ची साधना और शाकाहार का महत्व





बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। रहुई प्रखंड के उतरनाँवा गांव में परम पूज्य संत बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के उत्तराधिकारी संत पंकज जी महाराज के सान्निध्य में भव्य सत्संग का आयोजन किया गया। यह उनकी आध्यात्मिक यात्रा का 29वां पड़ाव था, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे गांव में भक्ति एवं आध्यात्मिक वातावरण बना रहा।

सत्संग को संबोधित करते हुए संत पंकज जी महाराज ने शाकाहार, सदाचार और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सत्संग का उद्देश्य किसी धर्म, मजहब या व्यक्ति की निंदा करना नहीं, बल्कि लोगों के मन में प्रभु के प्रति श्रद्धा, भक्ति और प्रेम जगाना है। उन्होंने अपने गुरु बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के संदेश को याद करते हुए कहा कि इंसान को अपने दीन-ईमान पर कायम रहना चाहिए और रोटी के लिए कभी ईमान नहीं बेचना चाहिए। ईमानदारी और मेहनत से काम करने पर भगवान की कृपा और बरकत अवश्य मिलती है।उन्होंने कहा कि मनुष्य का शरीर भगवान का मंदिर है, इसलिए इसे पवित्र रखना जरूरी है। मांस, मछली, अंडा और शराब जैसे पदार्थों से दूर रहकर शाकाहार अपनाने की अपील की। संत पंकज जी महाराज ने सच्ची साधना का मार्ग बताते हुए नामदान, सुमिरन, ध्यान और भजन की विधि को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति प्रतिदिन सुबह-शाम भगवान की सच्ची पूजा और इबादत करे तो उसकी आत्मा का कल्याण संभव है।

कार्यक्रम के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन और पुलिस बल की तैनाती की गई थी। अंत में महाराज जी ने श्रद्धालुओं को 17 से 21 मई तक जयगुरुदेव आश्रम मथुरा में आयोजित वार्षिक भंडारा सत्संग मेला में आने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनिल सिंह, ओम प्रकाश चौधरी, मुखिया सरयुग प्रसाद सिन्हा, आयोजक योगेश कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे

# हरनौत में किशोरी पर लाठी-डंडे से हमला, सिर फूटने के बाद थाने में दिया आवेदन



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। थाना क्षेत्र के पचौरा गांव में एक नाबालिग किशोरी पर लाठी-डंडे से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर देने का मामला सामने आया है। घायल किशोरी का इलाज कल्याण बिगहा स्थित रेफरल अस्पताल में कराया गया। घटना शुक्रवार की शाम की बतायी जा रही है।

घायल किशोरी की पहचान पचौरा गांव निवासी सुकू पासवान की 17 वर्षीय पुत्री रविता कुमारी के रूप में की गयी है। घटना के बाद शनिवार को किशोरी अपने माता-पिता के साथ हरनौत थाना पहुंची और लिखित आवेदन देकर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

पीड़िता की मां ने आरोप लगाया कि उनके घर की खिड़की उनके ही जमीन की ओर खुलती है, जहां कुछ जले हुए कपड़े और अन्य कचरा पड़ा हुआ था। इसी बात को लेकर गांव के ही उदय पासवान, उसकी पत्नी, बेटा गुलशन कुमार और बंगाली उर्फ कारू कुमार ने गाली-गलौज शुरू कर दिया। आरोप है कि इसी दौरान गुलशन कुमार और कारू कुमार ने हाथ में लिए लाठी-डंडे से रविता कुमारी के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई और खून बहने लगा।

परिजनों का कहना है कि आरोपितों ने घटना के दौरान जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की मां ने यह भी बताया कि घटना के समय उसके पति घर पर नहीं थे और बेटा बाहर प्रदेश में रहता है। घर में केवल तीन बेटियां और एक बीमार बहू मौजूद थीं, जिसकी तबीयत खराब होने के कारण उसे पानी चढ़ाया जा रहा था।


इस संबंध में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि पीड़िता की ओर से आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।












# स्टेज ऐप की फिल्म में देव सिंह की भूमिका दर्शकों को आई पसंद




पटना (अपना नालंदा)। भोजपुरी सिनेमा के चर्चित अभिनेता देव सिंह एक बार फिर अपने दमदार अभिनय को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बार वे स्टेज ऐप पर प्रदर्शित फिल्म "नेटवर्क मार्केटिंग सपनों की चेन" में अपनी प्रभावशाली भूमिका के कारण दर्शकों की खूब सराहना बटोर रहे हैं। अलग विषय और समकालीन कहानी पर आधारित यह फिल्म तेजी से दर्शकों के बीच लोकप्रिय हो रही है।

फिल्म में देव सिंह का किरदार काफी प्रभावशाली बताया जा रहा है। दर्शकों का कहना है कि उन्होंने अपने अभिनय से चरित्र को जीवंत बना दिया है। देव सिंह ने भी इस फिल्म को लेकर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस विशेष भूमिका के लिए चुना जाना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने इसके लिए अमर दुबे और धर्मेंद्र सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया।

देव सिंह ने कहा कि यह फिल्म केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के एक ऐसे पहलू को सामने लाती है जिससे आज का युवा वर्ग और आम लोग खुद को जोड़कर देख सकते हैं। यही कारण है कि दर्शक इस फिल्म को पसंद कर रहे हैं।

फिल्म का निर्देशन राजा रणदीप गिरी ने किया है, जिन्होंने कहानी को रोचक और प्रभावशाली ढंग से पर्दे पर प्रस्तुत किया है। वहीं शत्रुजीत मिश्रा की छायांकन शैली फिल्म को आकर्षक बनाती है। फिल्म का निर्माण अंजलि त्रिपाठी ने किया है, जबकि कहानी और पटकथा शशांक शंकादाहर ने लिखी है।

क्षेत्रीय विषयों को मंच देने के प्रयास में यह फिल्म एक मजबूत प्रस्तुति बनकर उभरी है। देव सिंह की दमदार मौजूदगी ने इसे दर्शकों के बीच और भी खास बना दिया है।












# उर्वरक कालाबाजारी पर नालंदा प्रशासन सख्त, कई दुकानों पर छापेमारी



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले में उर्वरक की कालाबाजारी और अनियमितताओं पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। शनिवार को जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार के निर्देश पर कृषि विभाग और संबंधित अधिकारियों की संयुक्त टीम ने जिले के विभिन्न उर्वरक दुकानों और प्रतिष्ठानों पर छापेमारी अभियान चलाया।

छापेमारी के दौरान एक प्रतिष्ठान में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। जांच के दौरान पाया गया कि उक्त दुकान में कंपनीवार भंडार पंजी संधारित नहीं किया गया था। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए संबंधित प्रतिष्ठान से स्पष्टीकरण मांगा गया है और विधिवत कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

जिला कृषि पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उर्वरक की कालाबाजारी, जमाखोरी या निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत वसूलने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने किसानों से अपील की कि उर्वरक खरीदते समय पक्का बिल अवश्य लें और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना तुरंत अधिकारियों को दें।

रबी 2026 सीजन के दौरान अब तक जिले के 203 उर्वरक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की जा चुकी है।

इनमें से सात प्रतिष्ठानों में अनियमितताएं पाई गईं, जिनसे स्पष्टीकरण मांगा गया। स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं मिलने पर पांच प्रतिष्ठानों की अनुज्ञप्ति निलंबित कर दी गई है।

प्रशासन ने बताया कि फिलहाल नालंदा जिले में उर्वरक की कोई कमी नहीं है। चार अप्रैल 2026 को आईएफएमएस पोर्टल पर उपलब्ध प्रतिवेदन के अनुसार जिले में 6189.14 मीट्रिक टन यूरिया का भंडार उपलब्ध है।






संपादकीय

जे पी चौधरी



# जनसंख्या परिवर्तन : भविष्य के लिए चेतावनी का संकेत

देश के कुछ हिस्सों में जनसंख्या का जो बदलाव पिछले सात दशकों में हुआ है, वह महज आंकड़ों की हेरफेर नहीं है। यह एक सुनियोजित परिवर्तन की कहानी है, जिस पर देश के बुद्धिजीवी, सामाजिक संगठन और नीति-निर्माता चिंता जता रहे हैं। गत दिवस तमिलनाडु के राज्यपाल रहे आरएन रवि ने गांधीनगर स्थित राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय में असम, पश्चिम बंगाल और पूर्वांचल के कुछ हिस्सों में हो रहे जनसंख्या परिवर्तन को एक टाइम बम की संज्ञा देते हुए चेतावनी दी कि यदि इन प्रवृत्तियों को नजरअंदाज किया गया, तो ये भविष्य में राष्ट्रीय एकता के लिए गंभीर खतरा बन सकती हैं। उनका सवाल था, क्या किसी ने बीते 30-40 वर्षों में इन इलाकों में हुई जनसंख्या की प्रवृत्तियों पर ध्यान दिया है और क्या आने वाले 50 वर्षों में यह परिवर्तन देश के लिए विभाजनकारी साबित नहीं होगा?

आजादी के समय असम एक ऐसा राज्य था, जहां अलग-अलग समुदाय और जनजातियाँ सदियों से साथ रहती थीं। लेकिन 1951 की पहली जनगणना में असम में मुस्लिम आबादी 22.6 प्रतिशत थी। 1971 में यह बढ़कर 24.6 प्रतिशत, 1991 में 28.4 प्रतिशत, 2001 में 31 प्रतिशत और 2011 की जनगणना में 34.2 प्रतिशत हो गई। यानी साठ वर्षों में असम में एक खास समुदाय की आबादी में लगभग 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई। विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगली जनगणना में यह आंकड़ा 40 प्रतिशत का आंकड़ा भी पार कर सकता है। इस वृद्धि की असली वजह केवल स्वाभाविक जन्मदर नहीं है। 1961 से 2011 के बीच, यानी पाँच दशकों में देश में मुस्लिम जनसंख्या की वृद्धि दर 194.38 प्रतिशत रही, जबकि असम में मुस्लिम जनसंख्या वृद्धि दर 286.16 प्रतिशत रही, जो राष्ट्रीय औसत से लगभग डेढ़ गुना अधिक है। इस अंतर की व्याख्या केवल प्राकृतिक जनसंख्या वृद्धि से नहीं की जा सकती।

असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व शर्मा ने स्पष्ट रूप से कहा है कि असम की कुल मुस्लिम जनसंख्या में से मात्र 3 प्रतिशत ही मूल असमिया आबादी है, शेष बांग्लादेश से आए लोग हो सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बांग्लादेश से लगी सीमा पर बसे जिलों मेंयह समस्या और भी गंभीर है। 2001 की जनगणना में असम में छह मुस्लिम बहुल जिले थे, जो 2011 तक बढ़कर 11 हो गए। उधर, पश्चिम बंगाल की स्थिति असम से कम चिंताजनक नहीं है। बांग्लादेश के साथ इस राज्य की लंबी सीमा है और 1971 से लगातार सीमावर्ती जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठ होती रही है। 2011 की जनगणना के अनुसार पश्चिम बंगाल में मुसलमानों की हिस्सेदारी 2001 में 25.2 प्रतिशत से बढ़कर 2011 में 26.94 प्रतिशत हो गई और इस दौरान मुस्लिम आबादी की वृद्धि दर 21.81 प्रतिशत रही।

जिलेवार आंकड़े और भी चौंकाने वाले हैं। मुर्शिदाबाद में मुस्लिम आबादी 69.5 प्रतिशत, मालदा में 53.3 प्रतिशत, उत्तरी और दक्षिणी दिनाजपुर में 42.8 प्रतिशत, बीरभूम में 39.6 प्रतिशत और उत्तरी व दक्षिणी 24 परगना में 36.1 प्रतिशत हो चुकी है। इन सीमावर्ती आठ जिलों में हिन्दू जनसंख्या में प्रत्येक दशक में 3 प्रतिशत तक की कमी भी दर्ज की गई है। राजनीतिक आरोपों की बात करें तो 1977 से 2011 तक 34 साल सत्ता में रही वाममोर्चा सरकार पर आरोप है कि उसने घुसपैठियों को मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड और आधार कार्ड उपलब्ध कराए। इसकी एवज में 2006 तक वाममोर्चे को एकमुश्त वोट मिलता रहा, लेकिन 2007 के नंदीग्राम हिंसा के बाद यह वोट तृणमूल कांग्रेस की ओर चला गया। यह आरोप लगाने वाले केवल विरोधी दल के लोग नहीं हैं। कोलकाता में रहने वाले पूर्व नौकरशाह और तृणमूल कांग्रेस के सह-संस्थापक सदस्य दीपक कुमार घोष का कहना है कि वाममोर्चा ने अपने वोट बैंक के लिए मुस्लिम शरणार्थियों को शरण दी, जबकि तृणमूल ने इन अवैध घुसपैठियों को सत्ता तक में स्थान दिया।

उत्तर प्रदेश और बिहार के पूर्वी हिस्से, यानी पूर्वांचल में जनसंख्या परिवर्तन की बात कुछ अलग किस्म की है। यहाँ प्रश्न केवल बाहर से आने वाली जनसंख्या का नहीं, बल्कि समुदाय-विशेष की प्रजनन दर का भी है। उत्तर भारत और पूर्वी भारत के राज्यों जैसे बिहार और उत्तर प्रदेश में कुल प्रजनन क्षमता दर चार से ज्यादा है, जबकि दक्षिण भारत में यह 2.1 के आसपास है, जो कि स्थिर स्तर माना जाता है। यह असंतुलन न केवल संसाधनों पर दबाव डालता है, बल्कि राजनीतिक और सांस्कृतिक समीकरण भी बदल रहा है।




# जहानाबाद में अरिस्टो फार्मा के एमडी भोला बाबू का भव्य स्वागत, बेरथू में सामुदायिक भवन का किया उद्घाटन



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। शनिवार को जहानाबाद शहर में एक अलग ही माहौल देखने को मिला। शहर के कई चौक-चौराहों और प्रमुख स्थानों पर लगाए गए बड़े-बड़े बैनरों और पोस्टरों में अरिस्टो फार्मा के प्रबंध निदेशक (एमडी) श्री उमेश शर्मा उर्फ भोला बाबू की तस्वीर लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। यह बैनर समाजसेवी मुकेश सैनी के द्वारा लगाए गए थे, जो शहर में चर्चा का विषय बने रहे।

भोला बाबू, अरिस्टो फार्मा के संस्थापक और पूर्व सांसद स्वर्गीय महेंद्र प्रसाद उर्फ किंग महेंद्र जी के छोटे भाई हैं। लोगों के बीच उनकी पहचान एक सरल और मिलनसार व्यक्तित्व के रूप में है। बताया जाता है कि वे जहां भी जाते हैं, लोगों से आत्मीयता के साथ मिलते हैं और उनके परिवार तथा हालचाल की जानकारी लेते हैं। यही कारण है कि आम लोगों के बीच उनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ती जा रही है।




इस दौरान भोला बाबू ने जहानाबाद के बेरथू गांव में एक सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया। यह भवन पूर्व सांसद स्वर्गीय महेंद्र प्रसाद उर्फ किंग महेंद्र जी की स्मृति में बनाया गया है। उद्घाटन कार्यक्रम में नगर परिषद सदस्य संगीता कुमारी, टूना जी, राहुल सहित कई गणमान्य लोग और श्रद्धालु मौजूद रहे।

कार्यक्रम के मंच से संबोधित करते हुए भोला बाबू ने कहा कि समाज के विकास और लोगों की सुविधा के लिए आगे भी ऐसे कार्य किए जाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग और आशीर्वाद से क्षेत्र में विकास के नए कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा।

# हरनौत में जीविका दीदियों को मिला रोजगार, आंगनबाड़ी बच्चों के लिए 8,931 ड्रेस सिलाई का लक्ष्य

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकित बच्चों को अब जीविका दीदियों द्वारा सिले गए यूनिफॉर्म पहनने को मिलेंगे। इस पहल से जहां बच्चों को समय पर ड्रेस उपलब्ध होगी, वहीं जीविका से जुड़ी महिलाओं को रोजगार का अवसर भी मिल रहा है।

शनिवार को प्रखंड परियोजना प्रबंधक (बीपीएम) अफताब आलम ने बताया कि प्रशिक्षित जीविका दीदियों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से प्रखंड में कई प्रकार के कार्य कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में दो सीएलएफ—पोआरी गांव स्थित चांद जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड और चेरो स्थित तारा जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड—के स्टिचिंग केंद्रों पर पिछले कई महीनों से आंगनबाड़ी बच्चों के लिए यूनिफॉर्म सिलाई का कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इन दोनों केंद्रों पर जीविका दीदियां आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए यूनिफॉर्म तैयार कर रही हैं। सिलाई कार्य करने वाली सभी महिलाओं को सीएलएफ द्वारा निर्धारित दर के अनुसार मेहनताना सीधे उनके बैंक खाते में दिया जाएगा।

बीपीएम ने बताया कि हरनौत प्रखंड में कुल 8,931 ड्रेस सिलाई कर सीडीपीओ कार्यालय को उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें अब तक करीब एक हजार ड्रेस जमा किए जा चुके हैं। दोनों सीएलएफ केंद्रों पर सिलाई कार्य के लिए 40 से अधिक मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं।उन्होंने बताया कि कपड़ा भोजपुर से बेन प्रखंड में आता है, जहां से विभिन्न प्रखंडों के लिए कपड़ों को काटकर भेजा जाता है। इसके बाद प्रशिक्षित जीविका दीदियां सिलाई मशीन के माध्यम से ड्रेस तैयार करती हैं। प्रत्येक बच्चे के लिए दो-दो सेट यूनिफॉर्म तैयार कर सीडीपीओ कार्यालय को उपलब्ध कराया जा रहा है।

# दादा साहेब फाल्के फिल्म फेस्टिवल में बिहार के अमर ज्योति झा को मिला बेस्ट डायरेक्टर और बेस्ट एक्टर अवॉर्ड

पटना (अपना नालंदा)।नई दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के फिल्म फेस्टिवल में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त फिल्म निर्माता-निर्देशक एवं अभिनेता अमर ज्योति झा की फिल्म रीबर्थ (पुनर्जन्म) के लिए सम्मानित किया गया। फिल्म रीबर्थ (पुनर्जन्म) ने इस फेस्टिवल में बड़ी उपलब्धि हासिल की। फिल्म के लिए अमर ज्योति झा को बेस्ट डायरेक्टर और बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड प्रदान किया गया, जबकि बेस्ट सिनेमैटोग्राफी के लिए रंजीत के सिंह को सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि न सिर्फ फिल्म की गुणवत्ता को दर्शाती है बल्कि बिहार की रचनात्मक प्रतिभा की ताकत को भी राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करती है।

फिल्म रीबर्थ (पुनर्जन्म) को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बड़ी पहचान मिल रही है। यह फिल्म ऑस्कर अवॉर्ड क्वालीफाइंग फिल्म फेस्टिवल, अमेरिका में चयन और स्क्रीनिंग के साथ अवॉर्ड के लिए भी नामांकित हो चुकी है। अब तक देश-विदेश में इस फिल्म को 50 से अधिक अवॉर्ड मिल चुके हैं। फिल्म के मुख्य सहायक निर्देशक विकास बच्चन और प्रोडक्शन मैनेजर संजय साह हैं, जबकि इस फिल्म की खास बात यह है कि इसके सभी कलाकार और टेक्नीशियन बिहार से जुड़े हैं। फिल्म की शूटिंग बिहार के विभिन्न स्थानों के साथ वाराणसी के प्रसिद्ध मणिकर्णिका घाट पर की गई है।

अमर ज्योति झा को बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम लिमिटेड द्वारा प्रमुख वक्ता के रूप में भी सम्मानित किया जा चुका है। अमर ज्योति झा ने बिहार सरकार एवं बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम लिमिटेड के सहयोग से राज्य में फिल्म निर्माण के लिए बन रहे अनुकूल माहौल की सराहना करते हुए कहा कि बिहार में सिनेमा के क्षेत्र में




चहुंमुखी विकास की अपार संभावनाएं हैं। उनकी यह उपलब्धि बिहार की प्रतिभा को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर नई पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

आपको बता दें कि नई दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के फिल्म फेस्टिवल का सफल आयोजन अमोल भगत जी के द्वारा किया गया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से जुड़े कलाकार, फिल्म समीक्षक और टेक्नीशियन की उल्लेखनीय भागीदारी रही। इस मंच पर भारतीय सिनेमा से जुड़े कई महत्वपूर्ण रचनात्मक व्यक्तित्वों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और सिनेमा के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश देने पर बल दिया गया।

# हरनौत में स्थायी प्याऊ निर्माण की रफ्तार धीमी, भीषण गर्मी में लोगों को पेयजल के लिए परेशानी

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। भीषण गर्मी की शुरुआत के साथ ही हरनौत बाजार में पेयजल की समस्या गहराने लगी है। चिलचिलाती धूप में लोगों के हलक सूख रहे हैं और प्यास बुझाने के लिए उन्हें इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। बाजार क्षेत्र में सार्वजनिक चापाकल की व्यवस्था नहीं होने के कारण आम लोगों को मजबूरी में बोतलबंद पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है, जो हर किसी के लिए संभव नहीं है।

पिछले वर्ष गर्मी से राहत दिलाने के लिए हरनौत नगर पंचायत द्वारा बाजार क्षेत्र के पांच स्थानों—गोनावां मोड़, चंडी मोड़, डाक बंगला रोड, केवीके के पास और कल्याण बीघा मोड़—पर अस्थायी प्याऊ की व्यवस्था की गई थी। इन स्थानों पर घड़े और पानी पीने के पात्र रखे गए थे तथा पानी की नियमित आपूर्ति के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई थी।

अब नगर पंचायत द्वारा इन प्याऊ को स्थायी रूप देने के लिए भवन निर्माण कराया जा रहा है। चंडी मोड़, प्रखंड सह अंचल कार्यालय के पास, केवीके स्थित श्रीराम जानकी मंदिर तथा रांची रोड स्थित संत कैथोलिक चर्च के पास स्थायी प्याऊ केंद्र का निर्माण कई महीनों से चल रहा है। नगर कार्यपालक पदाधिकारी



सौरभ सुमन के अनुसार इन केंद्रों पर ठंडे और सामान्य दोनों प्रकार के पेयजल की व्यवस्था होगी। यह व्यवस्था पटना गांधी मैदान स्थित कारगिल चौक के प्याऊ केंद्र की तर्ज पर विकसित की जा रही है।हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि संवेदक द्वारा निर्माण कार्य काफी धीमी गति से किया जा रहा है, जिससे अनावश्यक विलंब हो रहा है। लोगों का मानना है कि यदि निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए तो भीषण गर्मी के दौरान स्थानीय नागरिकों और राहगीरों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिल सकेगी। इन प्याऊ केंद्रों के लिए बोरवेल भी लगाए जा चुके हैं, जिससे पानी की आपूर्ति निर्बाध रहने की उम्मीद है।

# एनएच-20 पर ट्रक-टेम्पो टक्कर में तीन घायल, चालक ट्रक लेकर हुआ फरार

हरनौत (अपना नालंदा)। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-20 पर चेरो गांव स्थित ओवरब्रिज के पास शनिवार सुबह एक ट्रक और टेम्पो के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में टेम्पो पर सवार तीन यात्री घायल हो गए। घटना चेरो ओपी से लगभग 50 मीटर दूर सूर्य मंदिर तालाब के पास फोरलेन सड़क के पश्चिमी लेन में सुबह करीब नौ बजे हुई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टेम्पो में सवार यात्री हरनौत से खरुआरा गांव की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक ने टेम्पो को जोरदार धक्का मार दिया। टक्कर इतनी तेज थी कि टेम्पो पर सवार यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को तुरंत कल्याण बिगहा रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने घायलों की स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए उच्च केंद्र रेफर करने का निर्णय लिया।



चेरो ओपी प्रभारी राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि इस दुर्घटना में तीन लोग घायल हुए हैं। घायलों में द्वारिका बीघा गांव के राधे ठाकुर (50), चखामिंद गांव की चेतना कुमारी (35) और मोर तालाब गांव के श्रीकांत कुमार (18) शामिल हैं। उन्होंने बताया कि दोनों वाहन हरनौत की ओर से बख्तियारपुर की दिशा में जा रहे थे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टेम्पो में टक्कर मार दी।

घटना के बाद टेम्पो को चेरो ओपी परिसर में सुरक्षित रखा गया है, जबकि ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। फिलहाल इस मामले में थाने में कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ

# व्हाट्सऐप हैक कर साइबर ठगी करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार, मोबाइल बरामद

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। व्हाट्सऐप हैक कर लोगों से साइबर ठगी करने वाले पांच आरोपियों को नालंदा साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बिहार थाना क्षेत्र के गुफापर स्थित एक दो मंजिला मकान में छापेमारी कर किराये के कमरे में रह रहे सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके पास से ठगी में इस्तेमाल किए जा रहे कई मोबाइल फोन और एटीएम कार्ड भी बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी पार्सल के पते को अपडेट कराने के नाम पर लोगों को झांसे में लेते थे। इसके बाद किसी तरह उनका व्हाट्सऐप हैक कर लेते थे और उसी व्हाट्सऐप से उनके रिश्तेदारों और परिचितों को मैसेज भेजकर पैसे की मांग करते थे। कई लोग इस झांसे में आकर ठगी का शिकार भी हो जाते थे।

इस मामले में नालंदा साइबर थाना कांड संख्या 83/26, दिनांक 2 अप्रैल 2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 319(2), 340(2), 61(2)(ख) और 3(5) के साथ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66, 66सी और 66डी के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

गिरफ्तार आरोपियों में नवल कुमार (ग्राम पलनी, थाना मानपुर, जिला नालंदा), कुमार आर्यन (ग्राम अस्थना, थाना शेखोपुर सराय, जिला शेखपुरा), प्रिंस कुमार (ग्राम गोटिया, थाना अस्थावां, जिला नालंदा), राजेश कुमार (ग्राम अस्थना, थाना शेखोपुर सराय, जिला शेखपुरा) और मोनू कुमार (ग्राम पलटपुर, थाना कतरीसराय, जिला नालंदा, वर्तमान निवासी इमादपुर, थाना बिहार) शामिल हैं।

पुलिस ने इनके पास से ठगी में प्रयुक्त 13 मोबाइल फोन और 9 एटीएम कार्ड बरामद किए हैं। सभी आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि फोन कॉल या संदेश से प्राप्त किसी भी जानकारी का पहले सत्यापन अवश्य करें।

# हरनौत में विधवा के बंद घर में चोरी, हजारों की संपत्ति गायब

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। हरनौत थाना क्षेत्र के गोखुलपुर गांव में अज्ञात चोरों ने एक विधवा के बंद घर को निशाना बनाते हुए हजारों रुपये मूल्य के पीतल और कांसा के बर्तन चोरी कर लिए। घटना की जानकारी मिलने के बाद पीड़िता ने थाने में आवेदन देकर सामान की बरामदगी और कार्रवाई की मांग की है।

पीड़िता सुमित्रा देवी, जो स्वर्गीय वीरेंद्र त्रिवेदी की पत्नी हैं, ने बताया कि वह बीते 30 मार्च को अपने घर में ताला लगाकर उज्जैन चली गई थीं। तीन अप्रैल की शाम करीब छह बजे जब वह वापस घर लौटीं और मुख्य गेट खोलकर अंदर प्रवेश किया, तो देखा कि कमरे की सिकड़ी टूटी हुई है और घर का सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा है।इसके बाद उन्होंने घर में रखे सामान की तलाश शुरू की, तो पता चला कि एक बोरे में रखा पीतल और कांसा का पूरा बर्तन गायब है। पीड़िता के अनुसार बोरे में एक तसला, एक कठौती, पांच थाली, पांच गिलास, पांच कटोरा, तीन लोटा और भगवान के भोग लगाने वाले छोटे-छोटे बर्तन समेत अन्य सामान रखा हुआ था, जिसे चोर अपने साथ ले गए।

# राजगीर में वीरांगना झलकारी बाई के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



राजगीर (अपना नालंदा)। शनिवार को राजगीर प्रखंड के मोरा और नेकपुर गांव में वीरांगना झलकारी बाई के बलिदान दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय पान महासंघ और इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें लोगों ने उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की महान वीरांगना झलकारी बाई के शौर्य और बलिदान को याद करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। अखिल भारतीय पान महासंघ की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष अनिता कुमारी गुप्ता ने कहा कि वीरांगना झलकारी बाई की शौर्यगाथा पूरे पान समाज के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि समाज में आज भी कई ऐसे महान व्यक्तित्व हुए हैं, जिनके योगदान के बारे में लोगों को पर्याप्त जानकारी नहीं है। इसलिए उनके जीवन और संघर्ष के बारे में समाज को जागरूक करने की आवश्यकता है।उन्होंने कहा कि वीरांगना झलकारी बाई ने देश की स्वतंत्रता के लिए जो साहस और बलिदान दिया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। ऐसे महान नायकों की गाथा को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।इस अवसर पर इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के जिलाध्यक्ष रमेश पान, प्रखंड अध्यक्ष नीतीश कुमार, नारायण तांती और बलराम तांती ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झलकारी बाई के जीवन और संघर्ष पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में धीरज कुमार, रिंकू देवी, धारों देवी, लाली कुमारी, बसंत तांती, रजिया देवी, राजो तांती, लखन तांती, चिंता देवी, सकिंदर तांती और गंगा सागर समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# हिलसा में मेधावी छात्र सम्मान समारोह आयोजित, प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



हिलसा (अपना नालंदा)। शहर के एक निजी शिक्षण संस्थान में मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य पार्षद धनंजय कुमार, डॉ. आशुतोष कुमार मानव, विकास कुमार, राजीव मिश्रा, सूरज कुमार और संस्थान के संचालक चिक्कू कुमार ने संयुक्त रूप से किया।कार्यक्रम में इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली छात्रा काजल कुमारी को 443 अंक के साथ द्वितीय स्थान तथा प्रियांशु कुमार को 421 अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। वहीं सिखा कुमारी ने भी बेहतर प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया।

दसवीं कक्षा में चंदन कुमार ने 478 अंक प्राप्त कर टॉप-4 में स्थान बनाया। इसके अलावा आदित्य कुमार और मुस्कान कुमारी ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 468 अंक हासिल किए और अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

इस अवसर पर मुख्य पार्षद धनंजय कुमार ने कहा कि इन प्रतिभावान छात्रों ने साबित कर दिया है कि शिक्षा की रोशनी समाज के अंतिम पायदान तक पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे होनहार छात्र-छात्राएं आगे भी जिले और समाज का नाम रोशन करेंगे। साथ ही उन्होंने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

समारोह के दौरान सभी सफल छात्रों को मेडल, प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने भी छात्रों की सफलता पर खुशी जताई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर करण कुमार, चंदन कुमार, सोनू कुमार, अजीत कुमार समेत कई छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# हिलसा में भाजपा प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न, कार्यकर्ताओं ने संगठन मजबूत करने का लिया संकल्प



हिलसा (अपना नालंदा)। हिलसा ग्रामीण पूर्वी मंडल में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, मातृशक्ति और महिला कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सुधीर कुमार और जिला उपाध्यक्ष सबो देवी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्वी मंडल अध्यक्ष आशुतोष कुमार गौरी ने की। प्रशिक्षण वर्ग के दौरान कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यप्रणाली, विचारधारा और पार्टी के सिद्धांतों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।प्रशिक्षण शिविर में वक्ताओंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूल उद्देश्य राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की धारा पहुंचाना है। इसके लिए संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती, जनसंपर्क बढ़ाने और पार्टी की नीतियों को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया।

साथ ही आगामी कार्यक्रमों और अभियानों को सफल बनाने के लिए रणनीति पर भी चर्चा की गई।

इस अवसर पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा समाज के हर वर्ग तक पार्टी की विचारधारा पहुंचाने का संकल्प लिया।

प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ।

# हिलसा में दलहन मिनी किट वितरण से किसानों को मिली नई उम्मीद



हिलसा (अपना नालंदा)। हिलसा प्रखंड के इन्दौत गांव में शनिवार को दलहन मिनी किट वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन एक निजी तकनीकी परामर्श कंपनी के माध्यम से हिलसा जीविका महिला किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को उन्नत बीज उपलब्ध कराकर फसल उत्पादन बढ़ाना और उनकी आय में वृद्धि करना है।

कार्यक्रम में प्रखंड परियोजना पदाधिकारी राजेश कुमार, जीविकोपार्जन विशेषज्ञ नीतू कुमारी, कंपनी के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी पार्थ कुमार प्रियदर्शी तथा लेखापाल अमन कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर किसानों को दलहन की उन्नत खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

यह पहल बिहार बीज प्रणाली परिवर्तन परियोजना के तहत की जा रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य पारंपरिक बीजों की जगह उन्नत और अधिक उत्पादन देने वाले बीजों का उपयोग बढ़ाना है। कंपनी के प्रतिनिधि पप्पू कुमार ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक अपनाने और उन्नत बीजों के प्रयोग के लाभ के बारे में बताया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परियोजना निदेशक राजीव शरण ने कहा कि संस्था बिहार की बीज प्रणाली को आधुनिक और मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक तरीके से विकसित अधिक उत्पादन क्षमता वाले और रोग प्रतिरोधी बीजों के उपयोग से किसानों की उत्पादकता बढ़ेगी और उन्हें बेहतर लाभ मिलेगा।

परियोजना के तहत कृषि विज्ञान केंद्र और अन्य कृषि संस्थानों के सहयोग से धान, गेहूं और दलहन जैसी प्रमुख फसलों के उन्नत बीजों का उत्पादन और वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। यह पहल किसानों की आय बढ़ाने और सतत कृषि विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# हिलसा: बाल मेले में बच्चों ने उकेरी कला, लजीज व्यंजनों से जीता सबका दिल



हिलसा (अपना नालंदा)। प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मोमिन्दपुर में आयोजित 'प्रवेश उत्सव सह बाल मेला' में बच्चों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. आशुतोष कुमार मानव ने किया। इस अवसर पर बच्चों ने चित्र प्रदर्शनी, विज्ञान मॉडल और पाक कला के माध्यम से अपनी सृजनशीलता दिखाई।
समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. मानव ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ पाठ्येतर गतिविधियों में सक्रिय रहने वाले विद्यार्थी ही भविष्य में सफलता के शिखर को छूते हैं। उन्होंने बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडलों की सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय बताया। मेले में छात्रों ने 'जल-जीवन-हरियाली', 'चंद्रयान', 'जैविक खेती', 'पवन चक्की' और 'आदर्श ग्राम' जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आकर्षक प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए, जिनकी अतिथियों ने खूब प्रशंसा की।पाक कला प्रतियोगिता में भी बच्चों ने उत्साह दिखाया और एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजन तैयार किए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिरुद्ध प्रसाद ने अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र और माला पहनाकर किया। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार ऐसी गतिविधियों से बच्चों की बौद्धिक और सांस्कृतिक प्रतिभा में निखार आता है।कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर शिक्षक कमलेश कुमार, सत्येन्द्र कुमार, एमडीएम प्रभारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षाविद और अभिभावक उपस्थित थे, जिन्होंने बच्चों का हौसला बढ़ाया।

# सेवदह विद्यालय में आठवीं के छात्रों को भावुक माहौल में दी गई विदाई




हरिओम कुमार
हरनौत (अपना नालंदा)। प्रखंड के सेवदह गांव स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय में शनिवार को समारोह आयोजित कर कक्षा आठ उत्तीर्ण विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में शिक्षकों ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए प्रेरित किया।समारोह की शुरुआत वर्ग शिक्षिका रश्मि प्रियंका द्वारा विद्यार्थियों को तिलक लगाकर स्वागत करने से हुई। इसके बाद शिक्षकों ने बच्चों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक देवेंद्र नाथ पांडेय ने कहा कि कक्षा आठ जीवन की एक महत्वपूर्ण सीढ़ी है, लेकिन असली लक्ष्य अभी आगे है। उन्होंने सभी छात्रों से कक्षा नौ में प्रवेश लेकर अपनी पढ़ाई जारी रखने तथा मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ अपने सपनों को साकार करने का आह्वान किया।उन्होंने यह भी कहा कि असफलताओं से घबराने के बजाय उनसे सीख लेकर आगे बढ़ना ही सफलता का सही मार्ग है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को पुरस्कार और स्थानांतरण प्रमाणपत्र भी वितरित किए गए।समारोह में छात्रा दिव्या, अंशु और सरस्वती ने विदाई गीत प्रस्तुत किया, जिससे माहौल भावुक हो गया। अंत में शिक्षकों और रसोइयों ने बच्चों पर अक्षत और फूलों की वर्षा कर उन्हें विदाई दी। इस दौरान कई छात्र-छात्राएं अपने शिक्षकों से गले मिलकर भावुक हो गए।कार्यक्रम में बच्चों के लिए नाश्ते में मिठाई, समोसा और नमकीन की भी व्यवस्था की गई थी। मौके पर शिक्षक नवीन कुमार सोनी, अनुज कुमार, रश्मि कुमारी, स्नेहलता कुमारी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# हरनौत में बिजली की चिंगारी से घर जला, पीड़िता ने मांगा मुआवजा



हरिओम कुमार
हरनौत (अपना नालंदा)। हरनौत थाना क्षेत्र के लोहरा गांव में बिजली की चिंगारी से एक घर में आग लगने की घटना में लाखों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई। इस हादसे में घर में रखा अनाज, नकदी, घरेलू सामान और महत्वपूर्ण कागजात पूरी तरह नष्ट हो गए। पीड़िता ने प्रशासन से मुआवजा देने की मांग की है।
ग्रामीण सह मुखिया प्रतिनिधि सुमिद्र कुमार ने शनिवार को बताया कि पीड़िता शल्लू बिंद की पत्नी फेकनी देवी के घर में यह घटना घटी। घर के पश्चिमी गली में साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड का बिजली तार गुजरता है। बताया जाता है कि तार आपस में टकराने से चिंगारी निकली, जिससे अचानक आग लग गई और देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने का प्रयास किया और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक घर में रखा मसूरी, खेसारी और मूंग समेत कई प्रकार का अनाज, पलंग, कूलर, टीवी, पेटी में रखा कपड़ा और लगभग 40 हजार रुपये नकद जलकर खाक हो गए। बताया गया कि यह रकम पीड़िता ने अपनी बहू के ऑपरेशन के लिए घर में रखी थी।
घटना के बाद पीड़िता ने शनिवार को पुलिस और प्रशासन को आवेदन देकर मुआवजा देने की मांग की है। इस संबंध में अंचलाधिकारी पूजा कुमारी ने बताया कि पीड़िता आवेदन लेकर पहुंची थी, लेकिन उसे थाना में दर्ज सनहा की प्रति संलग्न कर आवेदन देने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद पीड़िता को नियमानुसार उचित मुआवजा दिया जाएगा।

# हरनौत संत जोसेफ चर्च में गुड फ्राइडे पर विशेष प्रार्थना सभा



हरनौत (अपना नालंदा)। गुड फ्राइडे के अवसर पर हरनौत के लोयोला स्कूल परिसर स्थित संत जोसेफ चर्च में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर ईसाई धर्मावलंबियों ने प्रभु यीशु मसीह के बलिदान को याद करते हुए देश में न्याय, प्रेम और भाईचारा कायम रहने की कामना की।
प्रार्थना सभा के दौरान प्रभु यीशु को क्रूस पर चढ़ाए जाने की घटना की जीवंत प्रस्तुति की गई। इसमें प्रभु यीशु को भारी क्रूस उठाकर चलते हुए दिखाया गया। इसके बाद क्रूर शासकों द्वारा उन्हें क्रूस पर कीलों से ठोकने की मार्मिक झांकी प्रस्तुत की गई। इस भावुक प्रस्तुति को देखकर चर्च में मौजूद श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं और वातावरण श्रद्धा व भक्ति से भर गया।इस अवसर पर फादर राजा एंड्रयूज और लोयोला स्कूल के प्राचार्य फादर अनिल जोन कंडू ने प्रभु यीशु के जीवन, विचार और उनके बलिदान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु ने पूरी मानवता के पापों को क्षमा कराने और लोगों के उद्धार के लिए स्वयं को बलिदान कर दिया। उनके संदेश प्रेम, क्षमा और मानवता की सेवा का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रभु यीशु ने ईश्वर और आम लोगों के बीच की दूरी को समाप्त करने का कार्य किया।
प्रार्थना सभा में देश के शासकों और नेताओं के लिए भी विशेष प्रार्थना की गई, ताकि देश में न्याय, प्रेम और एकता का वातावरण बना रहे। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पदाधिकारियों व कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी तथा मेडिकल टीम भी तैनात रही। इसमें जीविका बीपीएम मो. आफताब आलम समेत अन्य कर्मी मौजूद थे।

www.apnanalanda.com

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

## नालन्दा का नंबर 1 अखबार




**अपना नालन्दा में विज्ञापन देकर**
**अपने व्यवसाय को दे नई पहचान**

## नालन्दा की जनता की आवाज

*अपने क्षेत्र की खबर भेजने*
*ओर विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।*

9031468165
9608311251

विज्ञापन दरें (प्रथम वर्षगांठ विशेष पैकेज)
फुल पेज विज्ञापन – ₹10,000/-
हाफ पेज विज्ञापन – ₹5,000/-
क्वार्टर पेज विज्ञापन – ₹3,000/-

संपर्क करें:
apnanalandaofficial881@gmail.com
9031468165
9608311251